16/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिक्किम के स्थापना दिवस पर लोगों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सिक्किम को प्राकृतिक सौंदर्य का वरदान मिला है जो वहां की बर्फीली चोटियों, सघन वनों और जल प्रपातों में दिखाई देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सिक्किम के लोगों ने अपनी जीवन शैली और कडी मेहनत से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने राज्य और राज्यवासियों की निरंतर समृद्धि और सुदृढता की कामना की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सिक्किम के स्थापना दिवस पर लोगों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सिक्किम अपने प्राकृतिक सौंदर्य और परिश्रमी लोगों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा विगत वर्षों में सिक्किम ने जैविक कृषि की दिशा में अपनी अलग पहचान बनाई हैं। श्री मोदी ने कहा कि सरकार आने वाले समय में सिक्किम के कल्याण के लिए काम करती रहेगी।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने इस कायरतापूर्ण कृत्य की निंदा की और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री के शीघ्र स्वस्थ-लाभ की कामना की।

उन्होंने कहा कि भारत, स्लोवाक गणराज्य के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

00000000000000000000

उच्चतम न्यायालय ने आज कहा कि यदि विशेष अदालत ने एक बार प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत का संज्ञान ले लिया है तो निदेशालय किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकता। न्यायालय ने कहा कि अपराध का संज्ञान लिए जाने के बाद प्रवर्तन निदेशालय और उसके अधिकारियों को धनशोधन रोकथाम कानून - पीएमएलए की धारा 19 के अंतर्गत किसी आरोपी को गिरफ्तार करने का अधिकार नहीं देता। न्यायमूर्ति अभय एस.ओका और उज्जल भूयान की पीठ ने कहा कि यदि प्रवर्तन निदेशालय आरोपी की हिरासत चाहता है तो उसे विशेष अनुरोध में आवेदन करना होगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि यदि प्रवर्तन निदेशालय एक ही अपराध के बारे में अतिरिक्त जांच करना चाहता है तो वह ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है जिसे पहले से दर्ज शिकायत में आरोपी नहीं दर्शाया गया है। लेकिन इसके लिए धारा 19 की शर्तों को पूरा करना होगा।

00000000000000000000

नागरिकता-संशोधन अधिनियम 2024 की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाण-पत्रों का पहला सेट जारी किया गया है। गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने कल नई दिल्ली में 14 आवेदकों को नागरिकता प्रमाण-पत्र सौंपे।

गृह मंत्रालय के अनुसार कई अन्य आवेदकों को डिजिटल हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र ई-मेल के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। ये आवेदन, 31 दिसम्बर 2014 तक भारत में प्रवेश कर चुके पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों से प्राप्त हुए थे। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि दशकों का इंतजार समाप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज एनडीए सरकार ने आजादी के समय किया गया वादा पूरा किया। एक समाचार एजेन्सी के साथ बातचीत में श्री शाह ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का हिस्सा है।

0000000000000000000

केंद्र सरकार ने आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लीवर की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आवश्यक दवाओं को सुलभ बनाने के लिए यह निर्णय किया गया है। फार्मा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न दवाओं की कम कीमत की जानकारी तत्काल प्रभाव से डीलरों और थोक वितरकों को दें।

0000000000000000000

स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-सीयूईटी यूजी 2024 में पहले दिन कल 75 प्रतिशत से अधिक आवेदकों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी - एनटीए के अनुसार परीक्षा देश और विदेश के सभी निर्धारित स्थानों पर सुचारू रूप से संचालित की गई। इस वर्ष परीक्षा के पहले दिन तीन सौ 79 शहरों में 157 केंद्रों पर कुल 11 लाख 40 हजार आवेदकों को भाग लेना था।

इससे पहले, एनटीए ने कहा था कि 15 मई को होने वाली सीयूईटी यूजी परीक्षा कुछ कारणों से दिल्ली के केंद्रों पर स्थगित कर दी गई है और वह अब 29 मई को होगी। एनटीए आठ दिनों तक सीयूईटी यूजी 2024 परीक्षा मिश्रित प्रणाली में आयोजित करेगी जिसमें कंप्यूटर आधारित परीक्षा और पेन और पेपर से लिखने के विकल्प होंगे। एनटीए ने बताया कि यह परीक्षा 13 लाख से अधिक आवेदकों के लिए आयोजित की जा रही है। सीयूईटी यूजी देशभर में केंद्रीय विश्वविद्यालयों तथा राज्य विश्वविद्यालयों, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए छात्रों को एक ही परीक्षा में भाग लेने का अवसर देती है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की रूपा बायोर ने वियतनाम में आयोजित 8वीं एशियाई ताइक्वांडो पूमसे चैंपियनशिप में भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, बायोर ने पूरी प्रतियोगिता में असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया और सेमीफाइनल में कोरिया के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करने से पहले पाकिस्तान और मलेशिया के प्रतिद्वंद्वियों को हराया।

0000000000000000000000